निर्देश हाईकोर्ट ने आवेदन किया स्वीकार, रजिस्ट्रार को अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

अवमानना मामले सें राज्यपाल का नाम हटा

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जुड़े अवमानना प्रकरण में राज्यपाल व कुलाधिपति का नाम याचिका से विलोपित (हटाने) किए जाने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने उक्त आवेदन को स्वीकार कर राज्यपाल का नाम मामले से विलोपित करने के निर्देश दिये। साथ ही मामले में रादुविवि रजिस्ट्रार डॉ. रविशंकर सोनवाल को निर्देशित किया है वह पूर्व आदेश के परिपालन में अनुपालन रिपोर्ट चार सप्ताह में पेश करे। ऐसा न होने की स्थिति में उन्हें स्वयं हाजिर होकर कारण बताना होगा। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डॉ. आरबी दुबे की ओर से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि उनकी वर्ष 2000 में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग में रीडर के पद पर नियुक्ति हुई थी। उन्होंने 29 जून 2006 को त्यागपत्र दिया था। इसके बाद 14 जुलाई 2006 को त्यागपत्र स्वीकार करने संबंधी एक शर्त रखी गई, जबकि उन्होंने 28 जुलाई 2006 को स्वेच्छा से अपना त्यागपत्र वापस ले लिया था। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने 29 जुलाई 2006 को त्यागपत्र स्वीकार कर लिया। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने जनवरी 2026 में आदेश पारित कर विश्वविद्यालय प्रशासन को याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्ति संबंधी सभी लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए डॉ. दुबे ने अवमानना याचिका दायर की। इस अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने विगत 15 जून को राज्यपाल व कुलाधिपति सहित विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से राज्यपाल का नाम अवमानना याचिका से हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर बुधवार को सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आवेदन स्वीकार कर उक्त निर्देश दिये।

तत्कालीन तहसीलदार और नायब तहसीलदार कोर्ट में हुए हाजिर

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत में मानहानि प्रकरण में जबलपुर की तत्कालीन तहसीलदार रश्मि चतुर्वेदी और नायब तहसीलदार सुषमा धुर्वे हाजिर हुई। न्यायालय ने दोनों अधिकारियों को जवाब पेश करने के लिए 21 अगस्त तक का समय दिया है। यह प्रकरण महाराजपुर निवासी भागचंद साहू की ओर से दायर किया गया है। अधिवक्ता राजेश राय और आकाश राय ने बताया कि 30 दिसंबर 2019 को दोनों अधिकारियों ने उनके घर की बाउंडीवॉल तोड़ दी, जबकि उनके पास मालिकाना हक के पूरे दस्तावेज मौजूद थे। इससे उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

जबलपुर मेडिकल कालेज के दो डाक्टर सहित छह को नोटिस

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज से जुड़े कथित चिकित्सकीय लापरवाही, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत ने मेडिकल कालेज के दो डाक्टरों समेत छह अनावेदकों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर 2026 को होगी। परिवादी जबलपुर निवासी नंदीलाल लाडिया ने निजी परिवाद में आरोप लगाया है कि अगस्त 2022 में पेट दर्द की शिकायत पर उन्होंने अपने 14 वर्षीय पुत्र को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां उसका अपेंडिक्स का आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई और कई बार अस्पताल ले जाने के बावजूद समुचित उपचार नहीं मिला। परिवाद के अनुसार, इलाज की मांग करने पर संबंधित डाक्टरों और कुछ जूनियर चिकित्सकों ने कथित रूप से जातिसूचक शब्द कहे व दोबारा अस्पताल आने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में एक निजी अस्पताल में दोबारा आपरेशन कराना पड़ा, जिस पर करीब 15 लाख रुपये खर्च हुए और इसके लिए पैतृक जमीन तक बेचनी पड़ी। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी किये है।

मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का विभाजन प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा पर सीधा प्रहार : लखन घनघोरिया

मानसून सत्र में विधायक ने कहा-जबलपुर की पहचान कमजोर करने वाला फैसला

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के विभाजन संबंधी विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए इसे प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था तथा जबलपुर की ऐतिहासिक शैक्षणिक पहचान को कमजोर करने वाला निर्णय बताया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस विश्वविद्यालय की परिकल्पना वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर के कार्यकाल में की गई और जो वर्ष 2011 में अस्तित्व में आया, आज लगभग 15 वर्षों की संस्थागत यात्रा के बाद उसे बिना किसी ठोस शैक्षणिक या प्रशासनिक औचित्य के विभाजित किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक ने दो टूक कहा कि यह केवल जबलपुर का विषय नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था और लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का प्रश्न है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी विभाजन संबंधी विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए और विश्वविद्यालय को कमजोर करने के बजाय उसकी प्रशासनिक क्षमता को मजबूत किया जाए। प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा की रीढ़ है मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी

विधायक लखन घनघोरिया ने सदन में ये भी कहा कि सरकार यह स्पष्ट करे कि यदि विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में कोई कमी है तो उसका समाधान संस्थान का विभाजन है या प्रशासनिक सुधार। मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी आज प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा की रीढ़ है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत 24 विभाग, 635 शिक्षक एवं कर्मचारी, 100 से अधिक मेडिकल एवं संबद्ध कॉलेज, लगभग 5200 एमबीबीएस सीटें तथा लगभग 3200 स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें संचालित हैं। ऐसे स्थापित संस्थान का विभाजन चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ नहीं, बल्कि जटिल बनाएगा। घनघोरिया के मुताबिक विश्वविद्यालय के विकास में लगभग 200 करोड़ रुपये की सार्वजनिक धनराशि व्यय की जा चुकी है।

भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

CS TECH Ai

साएन्सिस टेक लिमिटेड (CS TECH Ai) द्वारा मध्य प्रदेश में
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) २.० (बीएलसी घटक)
को लागु करने के लिए निम्नलिखित विशेषज्ञ पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
सभी पद प्रारंभिक ३६ माह की अवधि के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर होंगे।
*आपके वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन के अधीन।

पद	पदों की संख्या	कार्यस्थल	न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव
सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी	1	भोपाल	भू-अभिलेख एवं भूमि संबंधी अनुमतियों में न्यूनतम 20 वर्षों का गहन अनुभव।
परियोजना प्रबंधक	1	भोपाल	सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक/स्नातकोत्तर तथा संबंधित क्षेत्र में 10 वर्षों का अनुभव।
संभागीय प्रबंधक	10	प्रत्येक संभागीय मुख्यालय	सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक/स्नातकोत्तर तथा संबंधित क्षेत्र में 8 वर्षों का अनुभव।
वरिष्ठ एमआईएस (MIS) विशेषज्ञ	13	प्रत्येक संभागीय मुख्यालय	कंप्यूटर साइंस/आईटी/एमसीए में स्नातक/स्नातकोत्तर तथा डेटा प्रबंधन में 8 वर्षों का अनुभव।
कनिष्ठ सिविल इंजीनियर	80	संपूर्ण मध्य प्रदेश	सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. अथवा डिप्लोमा तथा 5 वर्षों का अनुभव।
कनिष्ठ एमआईएस (MIS) विशेषज्ञ	110	संपूर्ण मध्य प्रदेश	कंप्यूटर साइंस/आईटी/कंप्यूटर एप्लीकेशंस में स्नातक अथवा डिप्लोमा, 3 वर्षों का अनुभव तथा डेटा प्रबंधन कौशल।

कृपया QR कोड के माध्यम से Google Forms अवश्य भरें तथा अपना रिज़्यूमे, प्रशंसापत्र एवं आवश्यक दस्तावेज pmay@cstech.ai पर भेजें। अधिक जानकारी के लिए www.cstech.ai पर जाएँ।

अवैध रूप से संचालित दो पानी पैकेजिंग प्लांट सील

जबलपुर। राजस्व, खाद्य सुरक्षा एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को नयागांव मांडवा बस्ती स्थित पानी पैकेजिंग प्लांट एक्वा ओसियनल एवं उन्नति इंटरप्राइजेज में छापा मारते हुए गंभीर अनियमिततायें पाये जाने पर दोनों को सील कर दिया है। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह से मिली जानकारी के अनुसार नयागांव मांडवा बस्ती स्थित पानी पैकेजिंग प्लांट एक्वा ओसियनल एवं उन्नति इंटरप्राइजेज अवैध रूप से संचालन होने की शिकायत जिला प्रशासन को प्राप्त हुई थी। शिकायत पर छापेमारी की गई थी। इस के दौरान दोनों पानी पैकेजिंग प्लांट के वैध एफ एसएसएआई लायसेंस नहीं पाये गये। इनके पास पानी को फिल्टर करने का लायसेंस भी नहीं था। केवल डिस्ट्रीब्यूशन के लायसेंस पर ही इन दोनों पैकेजिंग प्लांट में शीतल, जल, पारस, बड़कुल जैसी अलग-अलग कंपनियों के नाम के स्टीकर पानी की बोतलों में लगाये जा रहे थे। एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दोनों प्लांटो से पैकेज्ड पानी के सेम्पल परीक्षण के लिए लिये गये हैं तथा अवैध रूप से संचालित पाये जाने पर दोनों को सील कर दिया गया है।

व्हाट्सएप हैक कर महिला से 15 लाख की ठगी

नवभारत, जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत स्टेट बैंक कॉलोनी में रहने वाली महिला का व्हाट्सएप अकाउंट हैक शातिर जालसाज ने डर धमका कर 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, स्टेट बैंक कॉलोनी कोतवाली निवासी 35 वर्षीय सोनाली सेठिया अपने मोबाइल में दो अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप चलाती हैं। उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से संदेश आया। इसके ठीक बाद उनका व्हाट्सएप अकाउंट ब्लॉक हो गया और खुलना बंद हो गया। पीड़िता के अनुसार, व्हाट्सएप बंद होने के बाद उस अज्ञात नंबर से लगातार धमकी भरे मैसेज आने लगे। आरोपी ने महिला को इस कदर डराया-धमकाया कि वह डर से उसके जाल में फंसती चली गई।

आरोपी ने अलग-अलग पेमेंट स्कैनर भेजे और मोटी रकम की मांग की। ठगी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए पीड़िता का विजयनगर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का खाता इस्तेमाल हुआ। पीड़िता ने शुरुआती 1 लाख रुपये अपने इसी बैंक खाते से आरोपी के भेजे स्कैनर पर ट्रांसफर किए। इसके बाद बैंक लिमिट या पकड़े जाने के डर से, उन्होंने बाकी के 14 लाख रुपये शहर की अलग-अलग दुकानों पर जाकर नकद दिए और उन दुकानदारों के माध्यम से आरोपी के क्यूआर कोड पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाए। 15 लाख रुपये गंवाने के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कर लिया है। पुलिस की साइबर सेल अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही है, जिनके जरिए इस पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया।

एपीके फाइल डाउनलोड होते ही उड़ी रकम

गढ़ा थाना अंतर्गत विनायक महावर (40), निवासी शक्तिनगर का इंस्टाग्राम पर रील्स देख रहा था। इसी दौरान एच जेड टीव्ही ऐप का एक विज्ञापन आया, जिस पर क्लिक होते ही मोबाइल में एक खतरनाक एपीके फाइल डाउनलोड हो गई इसकी मदद से अज्ञात ठग ने पीड़ित का फोन हैक कर लिया और खाते से 28,000 रुपए ट्रांसफर कर लिए।

हाय का मैसेज ओपन करते ही नर्स के खाते से निकली रकम

रांझी थाना अंतर्गत एकता विहार कॉलोनी निवासी मधुलिका सिंह चौहान (46) सीनियर नर्स, ओएफके हॉस्पिटल के व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से हाय का मैसेज आया। जैसे ही पीड़ित ने उस मैसेज को ओपन किया, उसका फोन हैक हो गया और उसके खाते से लगातार तीन ट्रांजैक्शन हो गए। 70,000

परिवर्तित मार्ग से चलेगी शक्तिपुंज एक्सप्रेस

जबलपुर। यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत सीतारामपुर जंक्शन-प्रधान खांटा जंक्शन रेलखण्ड पर मुगमा रेलवे स्टेशन को कनेक्शन के साथ कमीशनिंग के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित चार रेलगाडियों के मार्ग में परिवर्तन रहेगा। गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, 23 सितम्बर से 26 सितम्बर तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग पतरातू-चंद्रपुरा जंक्शन-धनबाद जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन के बजाय परिवर्तित मार्ग पतरातू-भोपलका-कोडरमा जंक्शन-महेशमुण्डा जंक्शन-मधुपुर जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन से होकर गंतव्य को जाएगी।

दो टीआई से धक्कामुक्की, कॉलर पकड़ी, कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हुआ था बवाल

जबलपुर। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मालवीय चौक पर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान मंच बवाल के बीच दो टीआई के साथ धक्कामुक्की, कॉलर पकड़ने, धमकाने के मामले में लार्डगंज पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, पुलिसबल के साथ मारपीट, समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। तीनों की पुलिस तलाश कर रही है।

विदित हो कि राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार देर रात मालवीय चौक पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में पूर्व सांसद और तेलंगाना राज्य की कांग्रेस प्रभारी मीनाक्षी नटराजन भी शामिल हुई थी। प्रदर्शन में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई थी प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हो गई थी जिसके बाद हालात तनावपूर्ण बन गए थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पोस्टर और पुतला जलाने का प्रयास किया था। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने पोस्टर छीनने की कोशिश की थी जिसके बाद कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच विवाद बढ़ गया था। इस दौरान कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, चिंटू, चौकसे अन्य ने कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी की कॉलर पकड़ ली थी और लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के साथ भी धक्का-मुक्की की गई थी। कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला जलाने को लेकर तीखी झड़प के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर केनन (पानी की बौछार) का प्रयोग करना पड़ा था। स्थिति बिगड़ने पर कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा था और प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया था।

पुलिस के साथ हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था । मामले में कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, अभिषेक चिंटू चौकसे के खिलाफ नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुई है ।

पंद्रह दिनों के भीतर फिर होंगे चुनाव

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में कथित धांधली और फर्जी मतदान के आरोपों के बाद मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल ने चुनाव प्रक्रिया रद्द होने के उपरांत 15 दिनों के भीतर दोबारा चुनाव कराने का निर्णय लिया है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय को नया मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला अधिवक्ता संघ के संचालन और चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए सात सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया है। सोमवार को मतदान के दौरान कथित अनियमितताओं और फर्जी मतदान को लेकर जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। विवाद बढ़ने पर तत्कालीन मुख्य चुनाव अधिकारी जी.एस. ठाकुर ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी थी और बाद में अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के पदेन अध्यक्ष एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में आपात बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति तय की गई।

दिए गए है निर्देश

स्टेट बार काउंसिल के सचिव आशीष आनंद ने बताया कि गठित तदर्थ समिति में प्रहलाद चौधरी को संयोजक, राजकुमार दुबे को सह-संयोजक तथा संपूर्ण तिवारी, सुनील चौबे, अभय सिंह ठाकुर, प्रवीण चतुर्वेदी और अरविंद कुमार चौधरी को सदस्य बनाया गया है। नए मुख्य चुनाव अधिकारी को 15 दिनों के भीतर निष्पक्ष, पारदर्शी और विवाद-मुक्त चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। अब अधिवक्ता समुदाय की निगाहें नई चुनाव प्रक्रिया और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

एसबीसी चुनाव: राकेश सिंह भदौरिया की बढ़त बरकरार

एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव-2026 की मतगणना का एक और चरण बुधवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस चरण में कालापीपल, शाजापुर, शुजालपुर, विजयपुर, श्योपुरकलां, नरवर, खनियाधाना, पोहरी, करेरा और शिवपुरी की मतपेटियों की गिनती की गई। जारी रुझानों में राकेश सिंह भदौरिया बढ़त पर हैं। उनके बाद विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, हितोषी जय हार्डिया और अखिलेश कुमार सक्सेना का स्थान है। महिला प्रत्याशियों में अनु पटेल, प्रवीण तिवारी, प्रतीका पाठक, रेशम श्रद्धा जैन और प्रतिभा बालिया को बढ़त मिली है।

आज फिर बरसेंगे बादल, गरज-चमक के साथ तेज हवाओं का अलर्ट

जिले के अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना, 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

नवभारत, जबलपुर। मानसून की सक्रियता के चलते गुरुवार को भी जबलपुर जिले में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने जिले के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज एवं झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी दिशा से चलने वाली हवाओं की सामान्य गति 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है, लेकिन गरज-चमक वाले बादलों के दौरान हवा की रफ्तार अचानक बढ़ सकती है। ऐसे में खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है।

पिछले 24 घंटों में शहर में 7.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली है।

STUDY ABROAD COUNSELING By Prabha Yadav
MBBS प्रवेश
विदेश में डॉक्टर बने आपके बजट में
भारत के साथ ही रशिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, नेपाल सहित अन्य देशों सें MBBS करने हेतु संपर्क करें:-
ASHIRWAAD 781, SHANTI NAGAR, NEAR RYAN INTERNATION SCHOOL JABALPUR
+91 9340486618

होली लाईट चिन्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिंग, ड्राईंग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर,उठायें सरकारी योजना का लाभ। बोर्ड एग्जाम का %बढ़ाऐं, समय बचाएं NEET/IIT में एडमिशन गाइडेंस। English & Hindi Medium Office- 8 to 4
Nursery, LKG, UKG, Admission, Book Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राइवेट/रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिहारा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर 9111009016

उजड़ा आशियाना पड़ोसियों ने दिया सहारा, बेघर परिवार की प्रशासन से गुहार; दो बार आवेदन के बाद भी नहीं मिला आवास, अब बारिश ने भी छीन ली छत

बारिश ने उजाड़ा गरीब महिला का आशियाना

नवभारत, जबलपुर। लगातार हो रही बारिश ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड के सिंधी मोहल्ला, छोटी खेरमाई मंदिर के पीछे रहने वाली उर्मिला रजक के परिवार से सिर की छत भी छीन ली। कच्चा मकान बारिश की मार नहीं झेल सका और कुछ ही मिनटों में भरभराकर ढह गया। वर्षों की मेहनत से बना आशियाना मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घर गिरने के बाद इस परिवार के सामने सबसे बड़ा सवाल सिर छिपाने का था। ऐसे कठिन समय में पड़ोसियों ने

मानवता की मिसाल पेश करते हुए उन्हें अपने यहां शरण दी। लेकिन मलबे में दबा घरेलू सामान, टूटे बर्तन, भीगे कपड़े और बिखरा हुआ जीवन इस परिवार की बेबसी की कहानी बयां कर रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के पास न तो नया घर बनाने के साधन हैं और न ही रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता। आंखों में उम्मीद और बेबसी लिए उर्मिला रजक अब जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगा रही हैं। उनका कहना है कि फिलहाल पड़ोसियों ने रहने का सहारा दिया है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी नहीं है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल राहत राशि, अस्थायी आवास और शासन की आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

दो बार किया आवेदन, फिर भी नहीं मिली छत

उर्मिला रजक का दर्द केवल मकान गिरने तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो बार आवेदन किया।, लेकिन आज तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। यदि समय पर आवास मिल जाता तो शायद आज उनका परिवार खुले आसमान और दूसरों के सहारे रहने को मजबूर नहीं होता। अब कुदरत की मार ने उनकी आखिरी पूंजी भी छीन ली है।क्षेत्रीय पार्षद शुगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा की पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मामले में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए संबंधित अधिकारियों से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन रिसीव नहीं हुआ।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57